# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)


पत्रांकः–537 /गोपन/2025–26 दिनांकः 08 फरवरी, 2026

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–69/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 28 मार्च, 2025 में विज्ञापित सहायक लेखाकार, रिकार्ड कीपर–कम–स्टोर कीपर (अभिलेखपाल), कार्यालय सहायक तृतीय(लेखा), कैशियर/डाटा एंट्री ऑपरेटर व अन्य पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया। उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 07 सितंबर, 2025 को आयोजित की गयी।

उक्त लिखित प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर टंकण परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची, विज्ञप्ति संख्या 501/गोपन/2025–26 दिनांक 02 जनवरी, 2026 द्वारा आयोग की वैबसाइट पर जारी की गयी तथा औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित 246 अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा माह फरवरी, 2026 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित की गई थी।

सूच्य है कि टंकण परीक्षा की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा दिनांक 09 फरवरी एवं 10 फरवरी, 2026 को जनपद देहरादून में संचालित की जायेगी। टंकण परीक्षा के समय व परीक्षा केन्द्र की जानकारी अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in के माध्यम से दिनांक **04 फरवरी, 2026** से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। इसके लिए अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड प्रवेश–पत्र में बारकोड भी अंकित हो। टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है साथ ही अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि विज्ञापित पदों के अनुरूप टंकण संबंधी अर्हताओं हेतु संबंधित विज्ञापन का भली–भांति अध्ययन कर ले।

(हिमांशु कफल्टिया)
परीक्षा नियंत्रक।